ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-04-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-04-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-04-22	2023-04-23	2023-04-24	2023-04-25	2023-04-26
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	37.0	36.0	36.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	20.0	21.0	20.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	28	18	18	14
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	5	4	5	6	7
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10	12	9	7	11
पवन दिशा (डिग्री)	214	107	63	73	86
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	1	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 36.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 20.0 से 21.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

भिंडी, बैंगन, टमाटर, मिर्च और खीरे जैसी सब्जियां खेत में खड़ी हैं और आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि को देखत हुए सब्जियों की खड़ी फसलों में सिंचाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने के साथ मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	कपास की बुवाई के लिए त्रिफाली या हैरो से दो तीन बार जुताई कर खेत तैयार करें तथा उन्नत किस्मों के बीज की व्यवस्था करें। देशी कपास की आर.जी-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542,

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	एच.डी.-123। अमेरिकन कपास की बीकानेरी नरमा, गंगानगर अगेती, आर.एस.टी-9, आर.एस.-2013, आर.एस.-810, आर.एस.-875, मरू विकास आदि उन्नत किस्मों की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिंडी की फसल में माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट पाये जाने पर इथेयॉन 1.5-2 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	रबी फसलो की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चूका है। अनाज बीज का भंडारण करना जरूरी है। अनाज बीज को दो दिन धुप में सुखाएं शाम को छाया में रख कर ठंडा करके भंडारित करें। भंडारण पात्र में नीम की पत्तियां रखें जिससे कीड़े की सम्भावना न हो, सल्फास पाउच का उपयोग भी कर सकते हैं।
सामान्य सलाह	किसान भाई कटाई की हुई फसलों को खलिहान में खुला ना छोड़े, एक स्थान पर इकट्ठा कर त्रिपाल से ढक कर रखें।